E-Newsletter

MUNICIPAL CORPORATION

Yamunanagar-Jagadhri

Jul-Sep, 2017

हमें गंदगी और खुले में शौच के खिलाफ लड़ाई लड़नी है, हमें पुरानी आदतों को बदलना है और महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती के वर्ष 2019 तक स्वत्छ भारत का लक्ष्य प्राप्त करना है| हमारे गावों में महिलाओं का गौरव एक महत्वपूर्ण विषय है, इस के लिए हमें एक जुट हो कर चलना होगा| **...प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी**

नगर निगम कर्मचारीयों द्वारा स्वच्छता रैली निकाली गयी

E-Newsletter
Municipal Corporation
Yamunanagar – Jagadhri
Jul-Sep, 2017

स्वच्छता ही सेवा

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

महात्मा गांधी जी का सपना था कि हमारा भारत देश स्वच्छ व निर्मल हो, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने उनके इस सपने को पूरा करने के लिए *स्वच्छता अभियान* के अंतर्गत *"स्वच्छता ही सेवा"* पखवाडा चलाया. नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी व यमुनानगर ज़िलावासियों का इसमें भरपूर योगदान रहा |

उद्घाटन व शपथ ग्रहण समारोह

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के उद्घाटन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज में 15 Sep, 2017 को किया गया | समारोह माननीय स्पीकर श्री कंवर पाल जी, विधायक श्री घनश्याम दास जी, अतिरिक्त आयुक्त श्री के. के. बड़ू एवं आयुक्त श्री गिरीश अरोड़ा जी की उपस्तिथि में संपन्न हुआ

यमुनानगर विधायक श्री घनश्याम दास जी लोगों को सफाई एवं स्वच्छता सम्बन्ध में सबकी मिली जुली जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करते हुए |

जागरूकता

सेवा दिवस (श्रम दान)

नगर निगम कार्यकारी अधिकारी श्री दीपक सूरा जी व माननीय स्पीकर श्री कंवर पाल जी अन्य कर्मचारियों के साथ सेवा दिवस के दौरान श्रम दान करते हुए |

स्वच्छता ही सेवा

नगर निगम यमुनानगर-जगाधरी के ओद्योगिक क्षेत्रों, ऐतिहासिक स्थलों (बुद्ध स्तूप चनेटी, महावीर चौक, भगत सिंह चौक व पर्यटक स्थलों (जिंदल पार्क, ग्रे पेलिकन)) की सफाई करवाई गई | जिसमें नगर निगम के सफाई कर्मचारियों व कॉलोनी निवासियों के सहयोग से सफाई अभियान चलाया गया | नगर निगम के सभी वार्डों में निगम पार्षदों के सहयोग से सफाई अभियान भी चलाया गया |

शहीद भगत सिंह चौक की सफाई फायर ब्रिगेड ऑफिसर श्री प्रमोद दुग्गल व उनके साथियों द्वारा की गई |

सफाई कर्मचारियों द्वारा यमुनानगर के सभी पार्कों की सफाई करायी गई |(ऊपर)

माननीय विधायक श्री घनश्याम दास जी यमुनानगर के प्रषिद ओद्योगिक क्षेत्रों के सामने सफाई कराते हुए (नीचे)

यमुनानगर में स्मारकों की सफाई करवाई गई |

माननीय मुख्मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी, विधायक श्री घनश्याम दास जी व सीनियर डिप्टी मेयर श्री पवन बिट्टू जी वार्ड न० 9 के महाराणा प्रताप पार्क से समग्र स्वछता अभियान में श्रम दान करते हुये |

Municipal Corporation

Yamunanagar – Jagadhri

Near Bhagat Singh Chowk, Towards Railway Station,
Yamunanagar 135001

यमुनानगर बारे कुछ बातें........

यमुना नगर :- हरियाणा का एक ऐसा जिला जिसे भारत विभाजन के समय लोगो ने बसाया । यमुना नगर को आजादी के समय में यमुना नगर नहीं कहा जाता था । आज मेरा शहर इतना बदल गया है जितना पहले नहीं था । यहाँ पहाड़ हैं नदियाँ हैं इंडस्ट्री है । रोडवेज , रेलवे , कॉलेज व हस्पताल हैं । मेरा यमुना नगर हरियाणा के अन्य जिलों से बहुत अलग है । यमुना नगर हरियाणा का इकलौता ट्विन सिटी शहर है जिसे जगाधरी यमुना नगर के नाम से भी जाना जाता है यमुना नगर का पहले नाम अब्दुलपुर था। यमुना नदी से एक यमुना नहर निकली गयी जिसे शहर के एक छोर से निकाला गया। जिससे इसका नाम यमुना नगर पड़ा। यमुना नगर में यमुना नदी के ऊपर एक डैम बनाया गया जहाँ यमुना नदी का पानी कण्ट्रोल किया जाता है। इस डैम से पूरे हरियाणा में यमुना का पानी सिचाई हेतु उपयोग में लाया जाता है ।

हम अपने शहर को कैसे और अधिक स्वच्छ एंव सुन्दर बना सकते हैं, आप हमें सुझाव दें एंव स्वच्छता अभियान में अपना सहयोग करें ।

सड़को से सम्बन्धित शिकायतों के लिए HARPATH HARYANA एंड्राइड एप्लीकेशन को डाउनलोड करे और टूटी सड़क या सड़क पे गड्डे की फोटो शिकायत के साथ अपलोड करें

स्वच्छ मैप, अब स्वच्छता हुई सरल Swachhmap एंड्राइड एप्लीकेशन को डाउनलोड करे और कूड़े कचरे की शिकायत के लिए बटन दबाएँ, कूड़ा कचरा दूर भगायें

Phone: 01732 237841, 260227
Toll Free: 1800 3070 9777

whatsApp: 7082410824

Email: wecare@mcynr.com